C⚡PTCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
CIN-U40108CT2003SGC015820
कार्यालयः कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

क्रमांक : 01–01/पीडी–तीन/ 4786 रायपुर, दिनांक 15 SEP 2023

## विज्ञापन

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता (Junior Engineer) के पद पर कार्य करने के इच्छुक निम्नानुसार अर्हता प्राप्त आवेदको से छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर (व्यापम) की वेबसाइट www.cgvyapam.choice.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते है :–

1. **पदों का विवरण** – कनिष्ठ अभियंता (Junior Engineer) के रिक्त पदों का प्रवर्गवार विवरण निम्नानुसार है:–

| ब्रांच | कंपनी का नाम | विवरण | प्रवर्ग (Category) | | | | कुल पद (Total) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित (UR) | अनुसूचित जाति (SC) | अनुसूचित जनजाति (ST) | अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) | |
| इलेक्ट्रिकल | ट्रांसमिशन | मुक्त (Open) | 33 | 9 | 23 | 11 | |
| | | महिला | 15 | 3 | 10 | 4 | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 5 | 1 | 3 | 1 | |
| | | **योग** | **53** | **13** | **36** | **16** | **118** |
| | डिस्ट्रीब्यूशन | मुक्त (Open) | 55 | 24 | 29 | 31 | |
| | | महिला | 27 | 12 | 13 | 14 | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 9 | 4 | 4 | 4 | |
| | | **योग** | **91** | **40** | **46** | **49** | **226** |
| | जनरेशन | मुक्त (Open) | **1** | **0** | **0** | **1** | |
| | | महिला | **0** | **0** | **0** | **0** | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | **0** | **0** | **0** | **0** | |
| | | **योग** | **1** | **0** | **0** | **1** | **2** |
| **महायोग** | | | **145** | **53** | **82** | **66** | **346** |
| मैकेनिकल | जनरेशन | मुक्त (Open) | 1 | 1 | 0 | 0 | |
| | | महिला | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | **योग** | **1** | **1** | **0** | **0** | **2** |
| सिविल | जनरेशन ट्रांसमिशन डिस्ट्रीब्यूशन | मुक्त (Open) | 7 | 2 | 7 | 3 | |
| | | महिला | 2 | 0 | 2 | 1 | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | दिव्यांगजन | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | **योग** | **9** | **2** | **9** | **4** | **24** |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | ट्रांसमिशन | मुक्त (Open) | 1 | 1 | 2 | 1 | |
| | | महिला | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | भूतपूर्व सैनिक | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| | | **योग** | **1** | **1** | **2** | **1** | **5** |

नोटः विज्ञापित पदों के लिए ब्रांचवार लिखित परीक्षा अयोजित होगी। अतः कनिष्ठ अभियंता के इलेक्ट्रिकल ब्रांच के ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन कंपनी के पद के लिये एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय कंपनी प्राथमिकता के चयन का अवसर दिया जावेगा।

2. **सेवा श्रेणी –** तृतीय श्रेणी।

3. **वेतनमान –** पे–मेट्रिक्स एस–8, रूपये 35400-112400/-

4. **स्टायपेण्ड –** प्रशिक्षण अवधि छः माह की रहेगी। प्रशिक्षण अवधि में पे–मेट्रिक्स एस–8, रूपये 35400-112400/- के प्रारम्भिक मूलवेतन रूपये 35400/- स्टायपेण्ड प्रतिमाह निर्णयानुसार देय होगा। प्रशिक्षण अवधि उपरांत पद के वेतनमान के प्रारम्भिक मूलवेतन एवं तत्समय लागू देय समस्त भत्तों सहित भुगतान किया जावेगा।

5. **मूल निवासी –** छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी जिले का मूलनिवासी का प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन करने के अंतिम दिनांक के पूर्व का होना अनिवार्य है।

6. **आयु सीमा –** आयु सीमा की गणना **दिनांक 01-01-2023** को आधार मानकर की जावेगी। आयु सीमा में शिथिलता के पश्चात् अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी :–

| | |
|---|---|
| न्यूनतम आयु सीमा | – 18 वर्ष |
| अधिकतम आयु सीमा – | |
| अनारक्षित (पुरूष) | – 40 वर्ष * |
| अनारक्षित (महिला / दिव्यांग) | – 45 वर्ष ** |
| अनुसूचित जाति (पुरूष / महिला / दिव्यांग) | – 45 वर्ष ** |
| अनुसूचित जनजाति (पुरूष / महिला / दिव्यांग) | – 45 वर्ष ** |
| अन्य पिछड़ वर्ग (पुरूष / महिला / दिव्यांग) | – 45 वर्ष ** |

* - जन्म दिनांक 01.01.2005 के पश्चात एवं दिनांक 01.01.1983 के पूर्व का ना हो।

** - जन्म दिनांक 01.01.2005 के पश्चात एवं दिनांक 01.01.1978 के पूर्व का ना हो।

भूतपूर्व सैनिकों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जावेगी, जिसके अंतर्गत दिनांक 01-01-2023 की स्थिति में भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवार की आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम कर अनुज्ञात की जाएगी, परंतु इसके परिणाम स्वरूप जो आयु ज्ञात होगी, वह उच्चतर आयु से 03 (तीन) वर्ष से अधिक नहीं होगी।

7. **न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता –** उम्मीदवार द्वारा कनिष्ठ अभियंता (टी एण्ड डी / जनरेशन / सिविल) पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है :–

| ब्रांच | न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल | इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स या इलेक्ट्रिकल एण्ड इन्स्ट्रूमेन्टेंशन इंजीनियरिंग ब्रांच में त्रिवर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष। |
| मैकेनिकल | मेकेनिकल या प्रोडक्शन इंजीनियरिंग ब्रांच में त्रिवर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष। |
| सिविल | सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में त्रिवर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष। |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | इलेक्ट्रॉनिक्स या इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनीकेशन या इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेन्टेंशन इंजीनियरिंग ब्रांच में त्रिवर्षीय डिप्लोमा या समकक्ष। |

संबधित ब्रांच में बैचलर इन इंजीनियरिंग या समकक्ष योग्यताधारी उम्मीदवार भी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

उपरोक्त कोर्स यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पूर्णकालिक कोर्स उत्तीर्ण होने चाहिए। पत्राचार/दूरस्थ माध्यम से प्राप्त किया गया डिप्लोमा/डिग्री मान्य नहीं होगी। अभ्यर्थी के पास उपरोक्त आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएँ एवं अन्य अर्हताएँ ऑनलाईन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम दिनांक तक धारित करना आवश्यक है।

**8.** आरक्षण –

(क) **अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण** – छत्तीसगढ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को ही आरक्षण का लाभ प्रदान किया जावेगा।

(ख) **भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण** – छत्तीसगढ राज्य के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों को 10% आरक्षण का प्रावधान है, जिसके अनुसार आरक्षित पद विज्ञापित पदों में दर्शित है। दस्तावेजों के सत्यापन के समय सेवामुक्ति प्रमाण पत्र/पुस्तिका (Discharge Certificate) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(ग) **महिला आरक्षण** – छत्तीसगढ राज्य की मूल निवासी महिला उम्मीदवारों को 30% समस्तर एवं प्रभागवार (Horizontal & Compartment wise) आरक्षण की पात्रता होगी। जिसके अनुसार आरक्षित पद विज्ञापित पदों में दर्शित है।

(घ) **दिव्यांगजन आरक्षण** – पॉवर कंपनी के परिपत्र क्रमांक 993, दिनांक 01-05-2018 के अनुसार छत्तीसगढ राज्य के मूल निवासी दिव्यांगजन उम्मीदवारों को 6% समस्तर एवं प्रभागवार (Horizontal & Compartment wise) आरक्षण का प्रावधान है। जारी विज्ञापन में दिव्यांगजन हेतु केवल कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के पद चिन्हांकित है। उक्त पद हेतु निःशक्तता का प्रकार निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | चिन्हांकित निःशक्तता का प्रकार | |
|---|---|---|
| 1 | अस्थि बाधित | OA / OL |
| 2 | श्रवण बाधित | HH |

वर्तमान में पदों की संख्या के आधार पर दिव्यांगजन हेतु कोई भी पद आरक्षित नही है, किन्तु चिन्हांकित निःशक्तता के दिव्यांजन उम्मीदवार, केवल कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के लिए ही ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

**9.** **चयन प्रक्रिया** – जनरेशन, ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता के पद पर भर्ती की चयन प्रक्रिया निम्नानुसार है :–

(क) **प्रतियोगी परीक्षा** – कनिष्ठ अभियंता के पदों के लिए प्रतियोगी परीक्षा छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आयोजित की जाएगी। प्रतियोगी परीक्षा के कुल 100 अंकों में से अनारक्षित व अन्य पिछडा वर्ग प्रवर्ग के उम्मीदवार को न्यूनतम 40% एवं अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के उम्मीदवार को न्यूनतम 30% अर्हकारी अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(ख) परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों की ब्रांचवार प्रावीण्य सूची निर्मित की जाऐगी। कंपनी की आवश्यकता अनुसार प्रावीण्य सूची में से विज्ञापित पदों की प्रवर्गवार संख्या के आधार पर उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए उचित संख्या में बुलाया जावेगा। दस्तावेजों के सत्यापन के समय ही उम्मीदवारों से जिस कंपनी में कार्य करना चाहते है, उसका विकल्प लिया जावेगा। प्रावीण्य सूची की दरीयता, कंपनी चयन का विकल्प एवं उपलब्ध प्रवर्गवार पदों के अनुसार उम्मीदवारों को कंपनी आबंटित की जाऐगी। दस्तावेजों के सत्यापन में पात्र पाए गए उम्मीदवारों की प्रतियोगी परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर निर्मित प्रावीण्य सूची में से तत्समय लागू छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण रोस्टर के अनुसार विज्ञापित पदों की पूर्ति की जावेगी।

(ग) अंक समान होने की स्थिति में उम्मीदवारों के जन्म दिनांक के आधार पर वरिष्ठ उम्मीदवार का नाम वरीयता क्रम में उपर रखा जावेगा। अंक एवं जन्म दिनांक समान होने की स्थिति में उम्मीदवारों के नाम के अंग्रेजी के प्रथम अक्षर के आधार पर अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उम्मीदवार की वरीयता निर्धारित की जावेगी।

## 10. अनुबंध एवं सुरक्षा निधि –

(क) कनिष्ठ अभियंता के पद पर चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति छः माह के प्रशिक्षण अवधि पर की जावेगी। प्रशिक्षण कालावधि समाप्ति उपरांत कार्मिक को नियमित कर तीन वर्ष (जिसमें प्रशिक्षण की कालावधि शामिल है।) के लिए परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त किया जावेगा। नियुक्त उम्मीदवार द्वारा पॉवर कंपनी के साथ चार वर्षों के लिए अनुबंध निष्पादित किया जाएगा एवं राशि रूपये 2,00,000/- (रूपये दो लाख मात्र) सुरक्षा निधि नगद (Cash) अथवा श्योरिटी बांड (Surety Bond) अथवा हैसियत प्रमाण पत्र (Solvency) के रूप जमा की जा सकेगी।

(ख) चार वर्ष की अनुबंध अवधि के दौरान कार्य संतोषजनक रहने पर सुरक्षा निधि वापस कर दी जावेगी।

(ग) यदि परिवीक्षार्थी परिवीक्षा अवधि में पॉवर कंपनी की सेवा से त्याग–पत्र देता है अथवा स्थाईकरण हेतु अनुपयुक्त पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में सुरक्षा निधि राजसात/जब्त कर ली जावेगी।

## 11. अन्य शर्तें –

(i) ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व उम्मीदवार नियमों का अवलोकन कर स्वयं सुनिश्चित कर ले कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है अथवा नहीं।

(ii) उम्मीदवार को ऑनलाईन आवेदन करने, प्रतियोगी परीक्षा, दस्तावेजों के सत्यापन में सम्मिलित होने व सफल होने मात्र से विज्ञापित पदों पर नियुक्ति की पात्रता नहीं होगी।

(iii) विज्ञापित पदो की संख्या में वृद्धि या कमी करने अथवा बिना कारण बताये सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया निरस्त करने का अधिकार पॉवर कंपनी के पास सुरक्षित रहेगा।

(iv) कनिष्ठ अभियंता पद की भर्ती की चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा उम्मीदवार की नियुक्ति के पश्चात यह ज्ञात होता है कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज यथा जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र आदि असत्य एवं फर्जी है तो उसकी उम्मीदवारी अथवा नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त या बर्खास्त कर दी जावेगी।

(v) चयनित उम्मीदवार की पदस्थापना आबंटित कंपनी में की जाएगी। पदस्थापना के उपरांत नियोजन काल में उनके अंतर कंपनी स्थानांतरण नहीं किया जायेगा।

(vi) कनिष्ठ अभियंता के पद पर नियुक्त कर्मियों की सेवाएँ पॉवर कंपनीज में लागू एवं समय–समय पर संशोधित नियम, अधिनियम, परिपत्र, आदेश के अधीन नियंत्रित होगी।

(vii) छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के अंतर्गत नियुक्ति को नियोक्ता अथवा कर्मी द्वारा एक माह का नोटिस या नोटिस के स्थान पर एक माह का वेतन देकर समाप्त किया जा सकेगा। दोनो ही स्थितियों में उपरिलिखित पैरा-10 (अनुबंध एवं सुरक्षा निधि) के प्रावधान लागू होंगे।

(viii) चयन प्रकिया से संबंधित अन्य ऐसे बिन्दु, जिसका इस विज्ञापन में कोई उल्लेख नहीं है, के संबंध में निर्णय लेने का अधिकार पॉवर कंपनी के सक्षम प्राधिकारी को होगा।

**(ix) यह नियुक्तियॉं माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एसएलपी (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन है।**

कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)
छ.स्टे.पॉ.ट्रांस.कं.लिमि. रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड
(छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN No. : U65993CT2008SGC020995
कार्यालय महाप्रबंधक (मा.सं.), छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि., रायपुर

क्रमांक 01–04 / मा.सं.–आठ / 993 रायपुर, दिनांक 1 MAY 2018

## सूचना

छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशक्तता से बाधित व्यक्तियों के लिये आरक्षण से संबंधित अधिसूचना दिनांक 25.09.2014 के परिप्रेक्ष्य में पॉवर कंपनियों की सेवा शर्तों के अनुरूप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों में निःशक्तजनों के लिये सीधी (खुली) भर्ती में आरक्षण हेतु छ.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि. के संचालक मंडल की बैठक दिनांक 13.06.2016 में पारित संकल्प के आधार पर यह निर्धारित किया जाता है कि :–

(i) पॉवर कंपनियों में निःशक्तजनों हेतु बैकलॉग के पदों की गणना पॉवर कंपनियों के गठन की तिथि 01.01.2009 से की जावेगी।

(ii) पॉवर कंपनियों में परिशिष्ट–I (संलग्न) में उल्लेखित 17 पदनामों पर निःशक्तजनों की भर्ती नहीं की जावेगी।

(iii) छ.ग.स्टे.पा.होल्डिंग कंपनी के परिपत्र क्र. 291 दिनांक 21.01.2010 में निःशक्तजनों की भर्ती हेतु चिन्हांकित पदों की सूची को संलग्न परिशिष्ट–II में दर्शाये निःशक्तता के प्रकार सहित चिन्हित पदनामों की सूची से प्रतिस्थापित किया जाता है।

(iv) परिशिष्ट–II में दर्शित सूची दिनांक 01.01.2009 से प्रभावशील होगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में सीधी (खुली) भर्ती में निःशक्तजनों के आरक्षण हेतु उपरोक्तानुसार प्रावधान है।

(सक्षम अनुमोदनोपरांत)

महाप्रबंधक (मा.सं.)
छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि.,रायपुर

General Manager (HR)-II
C.S.P.T.C.L., RAIPUR

क्रमांक 01–04 / मा.सं.–आठ / 994 रायपुर, दिनांक 11 MAY 2018

प्रतिलिपि :–

1. कार्यपालक निदेशक / महाप्रबंधक ( ), छ.ग.स्टे.पा. ............ कं.लि., रायपुर।
2. मुख्य अग्निशमन एवं सुरक्षा सलाहकार, छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि., रायपुर।
2. मुख्य अभियंता ( ), छ.ग.स्टे.पा. ............ कं.लि., रायपुर।
2. अति महाप्रबंधक ( ), छ.ग.स्टे.पा............कं.लि., रायपुर।
3. सलाहकार (विधिक), छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि., रायपुर।
4. उप महाप्रबंधक ( ), छ.ग.स्टे.पा...........कं.लि., रायपुर।
5. प्रबंधक (मा.सं.)–........, छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि., रायपुर।
6. स्टाफ ऑफिसर संबद्ध अध्यक्ष / प्रबंध निदेशक / निदेशक (का.एवं प्रशा.), छ.ग.स्टे.पा. हो. / डिस्ट्री. / जन. / ट्रांस. / ट्रेडिंग कं.लि., रायपुर।
7. ग्रंथालय अधिकारी / गोपनीय अधिकारी, छ.ग.स्टे.पा...........कं.लि., रायपुर।

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप महाप्रबंधक (मा.सं.)–दो
छ.रा.वि.हो.कं.मर्या, रायपुर

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

Dy. General Manager (HR)-II
C.S.P.T.C.L., RAIPUR

परिशिष्ट–I

## निःशक्तजनों की भर्ती से छूट के पद

| क्रमांक | पद का नाम |
|---|---|
| 1 | सहायक अभियंता (मेकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल) |
| 2 | कनिष्ठ अभियन्ता (मेकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल) |
| 3 | कनिष्ठ अभियन्ता / सहायक अभियन्ता (इलेक्ट्रानिक्स / इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन / इलेक्ट्रानिक्स एवं इलेक्ट्रिकल) |
| 4 | परिचारक श्रेणी– तीन (लाईन) बैल्टमेन |
| 5 | परिचारक श्रेणी– दो (लाईन) |
| 6 | परिचारक श्रेणी– तीन (लाईन) |
| 7 | परीक्षण सहायक श्रेणी– दो |
| 8 | परिचारक श्रेणी– तीन (संयंत्र) |
| 9 | वाहन चालक |
| 10 | लोको ड्रायवर |
| 11 | पाली रसायनज्ञ |
| 12 | सुरक्षा निरीक्षक |
| 13 | सुरक्षा उप–निरीक्षक |
| 14 | सुरक्षा गार्ड |
| 15 | अग्निशमन अधिकारी |
| 16 | उप–अग्निशमन अधिकारी |
| 17 | अग्निशमक |

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

DY. General Manager (HR)-II
C.S.P.T.C.L., RAIPUR

महाप्रबंधक (मा.सं.)
छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि.,रायपुर

परिशिष्ट–II

## निःशक्तजनों की भर्ती हेतु चिन्हांकित पद

| क्र. | पद का नाम | निःशक्तता का प्रकार (शब्द संक्षेप) |
|---|---|---|
| | प्रथम श्रेणी | |
| 1 | Dy. General Manager (Fin.) | OA., OL., BL., OAL., HH., BLOA |
| 2 | Sr. Accounts Officer/Manager (Fin.) | OA., OL., HH., OAL., BL. |
| | द्वितीय श्रेणी | |
| 3 | Assistant Engineer (T&D/Gen.) | |
| | (i) Computer Science<br>(ii) Information Technology<br>(iii) Civil | OA., OL., HH. |
| 4 | Administrative Officer/Assistant Manager (HR) | OA., OL., OAL., BL., HH. |
| 5 | Medical Officer | OL., OA. |
| 6 | Programmer | OA., OL., OAL., BL., HH. |
| 7 | Account Officer/ Assistant Manager (Fin.) | OA., OL., BL., HH. |
| | तृतीय श्रेणी | |
| 8 | Junior Engineer (T&D/Gen.)<br>(i) Computer Science<br>(ii) Information Technology<br>(iii) Civil | OA., OL., HH. |
| 9 | Junior Stenographer | OA., OL., BL., OAL., B., LV. |
| 10 | Officer Assistance Gr.-III | OA., OL., BL., OAL., B., LV., HH. |
| 11 | Lab Technician | OL., HH. |
| 12 | Staff Nurse | OL |
| 13 | Pharmacist | OL., BL. |
| 14 | Radiologist | OL., HH. |
| 15 | E.C.G. Technician | OL., HH. |
| 16 | Law Assistance | OL., BL., OAL., B., LV., OA. |
| 17 | Publicity Assistance | OA., OL., OAL., BL., HH. |
| | चतुर्थ श्रेणी | |
| 18 | Dresser | OL., HH. |
| 19 | A.N.M. | OL. |
| 20 | Ward Aya | OA., OL., LV. |
| 21 | Ward Boy | OA., OL., LV. |
| 22 | Peon | OA., OL., B., LV., HH. |

DY. General Manager (HR)-II
C.S.P.T.C.L., RAIPUR

महाप्रबंधक (मा.सं.)
छ.ग.स्टे.पा.हो.कं.लि.,रायपुर